दिनांक : 18/03/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति से खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षित समुद्री आवागमन पर चर्चा की।
- प्रदेश कैबिनेट ने किसानों के हित में गेहूं खरीदी पर 40 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस देने का फैसला लिया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा से रायपुर के बीच नई विमान सेवा का शुभारंभ किया।
- दिल्ली में आज 'भारत जनजाति महोत्सव' की शुरुआत; देश भर के जनजाति कारीगर करेंगे अपनी कला का प्रदर्शन।

प्रधानमंत्री - यूएई राष्ट्रपति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल संयुक्त अरब अमीरात-यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने यूएई के राष्ट्रपति को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा भी की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने यूएई पर हुए सभी हमलों की कड़ी निंदा की, जिनमें कई निर्दोष लोगों की जान गई और नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा। दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के महत्व पर सहमति भी जताई। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए दोनों देश मिलकर काम करते रहेंगे।

संसद सत्र

संसद ने कल विनियोग विधेयक 2026 पारित कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि सरकार ने पारदर्शी और व्यावहारिक ढंग से बजट तैयार किया है।राज्यसभा ने चर्चा के बाद इसे लोकसभा को वापस भेज दिया है। लोकसभा पहले ही विनियोग विधेयक को अपनी मंजूरी दे चुकी है। यह विधेयक वित्तीय वर्ष 2025-26 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से कुछ अतिरिक्त राशियों के भुगतान और विनियोग को अधिकृत करता है।

जीरामजी योजना

सदन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय बजट में ग्रामीण विकास के लिए किए गए ऐतिहासिक प्रावधानों की सराहना की है।

रेल मंत्री-लोकसभा

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मोदी सरकार ने देश में वोट बैंक की राजनीति के बजाय प्रदर्शन आधारित राजनीति की शुरुआत की है। लोकसभा में रेल मंत्रालय के अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने पिछले एक दशक में रेलवे में बड़े बदलाव किए हैं।

'जल गंगा संवर्धन अभियान'-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मंत्रालय में मंत्रियों को संबोधित करते हुए कल यानी 19 मार्च से शुरू हो रहे 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तीसरे चरण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 3000 से अधिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने एक बड़ी उपलब्धि साझा करते हुए कहा कि 'हर घर जल' योजना के लिए मध्य प्रदेश और राजस्थान का चयन एक विशेष करारनामे के तहत हुआ है, जिससे वर्ष 2028 तक ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास और किसानों के हित में निर्णय लिए गए हैं। रबी सीजन 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी पर अब 40 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस प्रदान करने की स्वीकृति देने सहित कई अहम् फैसले लिए गए, पेश है एक रिपोर्ट...

विमान सेवा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल से वर्चुअली रीवा-रायपुर विमान सेवा का शुभारंभ किया। एलाइंस एयर की यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी, जो विंध्य अंचल और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी को नया विस्तार देगी।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'विमानन नीति-2025' के माध्यम से मध्यप्रदेश में हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। जल्द ही प्रदेश में एयरपोर्ट्स की संख्या बढ़कर 10 हो जाएगी।

भारत जनजाति महोत्सव

भारत जनजाति महोत्सव 2026 आज से राष्ट्रीय राजधानी में शुरू हो रहा है। इस महोत्सव में आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत और उद्यमिता को प्रदर्शित किया जाएगा। इसका आयोजन भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ द्वारा सुंदर नर्सरी में किया जा रहा है। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम इसका उद्घाटन करेंगे। यह महोत्सव 30 मार्च तक चलेगा।

## बिम्सटेक-राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल भोपाल में बिम्सटेक सदस्य देशों के स्काउट्स और गाइड्स के क्षेत्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में राज्यपाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर मानवता, सह-अस्तित्व और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करें।

## जल जीवन मिशन 2.0

ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने की दिशा में मध्य प्रदेश ने कल एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी दिए जाने के पहले ही दिन, मध्य प्रदेश सरकार ने दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस योजना के तहत प्रदेश को लगभग 19 हजार करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्राप्त होगी, जिससे दिसंबर 2028 तक हर ग्रामीण परिवार को नल से शुद्ध जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में नवप्रवेशित स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- खंडवा की तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में आज भूतड़ी अमावस्या के पावन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं।
- आगरमालवा में घरेलू एलपीजी गैस की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने अपर कलेक्टर ने जिला एवं अनुभाग स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं।
- सतना और मैहर में आज से 30 मार्च तक समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा।
- मैहर में नव दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले में मां शारदा देवी मंदिर में आने वाले अत्यधिक संख्या में श्रृद्धालओं और दर्शनार्थियों की संभावना के दृष्टिगत कलेक्टर ने विभिन्न स्थानों पर 14 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनात किये हैं।
- डिंडौरी में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए 89 निजी विद्यालयों में चार दिनों में 299 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

-------------